दिनांक : 29/4/2026

राज एक्सप्रेस
बुधवार, 29 अप्रैल 2026



# मानकुंवर बाई कॉलेज में जनगणना जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## डिजिटल जनगणना की प्रक्रिया पर दी जानकारी

● जबलपुर / राज न्यूज नेटवर्क



नगर निगम के निर्देश पर शासकीय मोहनलाल हरगोविंद गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय में जनगणना जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को आगामी जनगणना की डिजिटल प्रक्रिया से परिचित कराना और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम में नगर निगम के अपर आयुक्त मनोज श्रीवास्तव एवं नोडल अधिकारी सागर बोरकर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### सटीक आंकड़ों के महत्व पर दिया जोर

अपर आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि डिजिटल इंडिया के दौर में स्व-गणना एक महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी पहल है। उन्होंने सटीक आंकड़ों की आवश्यकता पर जोर देते हुए बताया कि जनगणना के आंकड़े भविष्य की योजनाओं और नीतियों के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। नोडल अधिकारी सागर बोरकर ने जनगणना पोर्टल के तकनीकी पहलुओं और नागरिकों की भागीदारी को सरल बनाने वाली सुविधाओं पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को डिजिटल जनगणना की प्रक्रिया समझने और इसमें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।

दिनांक 29/4/2026 - राज एक्सप्रेस